गुरुवार
20 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में बैंक डकैती की कोशिश नाकाम... 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## पटना के पुनपुन में अपराधियों ने पूर्व मुखिया की गोली मारकर की हत्या

♦ पुनपुन के केवड़ा पंचायत के मुखिया नरेश सिंह अपने साथी मदन सिंह के साथ पटना आ रहे थे, इसी क्रम में अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**केटी न्यूज/पटना**



पटना के पुनपुन गांव में बुधवार को अपराधियों ने पूर्व मुखिया नरेश सिंह( 55) को गोलियों से भून डाला। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। साथ चल रहे एक व्यक्ति को गोली लगी है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान मदन सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पुनपुन के केवड़ा पंचायत के मुखिया नरेश सिंह अपने साथी मदन सिंह के साथ पटना आ रहे थे। इसी क्रम में पूर्व से घात लगाए मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। पूर्व मुखिया नरेश सिंह के पेट में एक गोली लगी, उनके साथ रहे मदन सिंह को भी गोली लगी और वह घायल हो गए। गोली की आवाज सुनते ही आसपास गांव के लोग भाग कर उनके पास पहुंचे। इस बीच मौके का फायदा उठा अपराधी वहां से बाइक से फरार हो गए।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है आपसी विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। गांव के ही एक शख्स पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया जा रहा है। पुनपुन थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना पुनपुन थाने को दी। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद पुनपुन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल नरेश सिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे। इसी क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई, जबकि उनके साथ रहे मदन सिंह को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नवादा में पुलिस कस्टडी से फरार हुआ चोर

**नवादा।** बिहार के नवादा में बुधवार को एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर कस्टडी से फरार हो गया। दरअसल, पुलिस ने मंगलवार की देर रात चोरी के आरोप में देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बुधवार को नवादा सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से एक युवक शौचालय जाने के बहाने से होमगार्ड जवान को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद मोकामा पुलिस में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, फरार आरोपी को चोरी के मामले में गढ़पर मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गोंदापुर मोहल्ला निवासी भोला सिंह के बेटे अतुल कुमार के रूप में की गई है।

बता दें कि मुन्ना सिंह के बेटे मंटू कुमार और भोला सिंह के बेटे अतुल कुमार को चोरी के आरोप में जिंदा कारतूस और हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था।



लेकिन एक होमगार्ड जवान को अतुल ने बाथरूम जाने के नाम पर चकमा दे दिया। फिर वह हथकड़ी खुलवा कर बाथरूम गया और फरार हो गया। दूसरे होमगार्ड जवान ड्यूटी पर तैनात थे। लेकिन भीषण गर्मी में वे पानी पीने के लिए छत पर आ गए। इस दौरान वह एमसीडी वार्ड के पास पानी पीने गए थे। उसी वक्त एक होमगार्ड जवान को चकमा देकर कैदी फरार हो गया।

## केंद्र सरकार पायरेसी रोकने के लिए लाएगी सिनेमेटोग्राफी बिल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी कैबिनेट ने फिल्म जगत को लेकर बुधवार को बड़ा फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जितेंद्र सिंह ने कहा कि पायरेसी रोकने के लिए आने वाले संसद सत्र में सिनेमेटोग्राफी बिल 2023 लाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए. इसको लेकर बुधवार को कैबिनेट ने ये अनुमति दी है।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि पायरेसी को लेकर 2019 में एक विधेयक पेश किया गया था और उसे संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थायी समिति ने इस पर



सुझाव दिए थे। फिल्मों में साहित्यिक/सामग्री की चोरी या पायरेसी से नुकसान नहीं हो, इसलिये यह विधेयक तैयार किया गया है। इससे पूरे फिल्म जगत को लाभ होगा। ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए भी मंजूरी सरकार ने दी है। इसके लिए 6,003 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। साल 2023-24 से 2030-31 तक की इसकी समय सीमा है।

## खबरें फटाफट

### पटना में अग्रणी होम्स के दो ठिकानों पर ईडी का छापा

**पटना।** पटना में अग्रणी होम्स के दो ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। इसमें एक ठिकाना पटना के योगीपुर में अग्रणी होम्स के मालिक व जेल में बंद आलोक कुमार के घर पर, जबकि, दूसरा दानापुर थाना के तहत रंजन पथ में लक्ष्य कुटीर अपार्टमेंट में हुई। इसी में अग्रणी होम्स के एक डायरेक्टर रणवीर सिंह का फ्लैट नंबर-1ए है। सूत्रों के अनुसार टीम अहले सुबह से ही दोनों जगहों पर मौजूद है। अब तक रणवीर सिंह के फ्लैट से कई जमीन व फ्लैट के कांट्रैक्ट पेपर, बैंक अकाउंट से जुड़े पेपर और कई महत्वपूर्ण सबूत ईडी टीम के हाथ लगे हैं। इसके अलावा कम्प्यूटर और हार्ड डिस्क भी जब्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार अग्रणी होम्स के पटना में कुछ और ठिकानों पर भी छापेमारी हुई। उन ठिकानों को मंगलवार की रात में ही खंगाला जा चुका है। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ और बनारस में भी कई जगहों पर एऊकी अलग-अलग टीमों ने मंगलवार को ही छापेमारी की गई। दरअसल, अग्रणी होम्स रियल स्टेट का कारोबार करती ही है। अलग-अलग शहरों में इसके कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कई जगहों पर रियल स्टेट की इस कंपनी के खिलाफ अलग-अलग मामले चल रहे हैं।

### बाढ़, सुखाड़ एवं अन्य आपदाओं की पूर्व तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

## सीएम बोले... मानसून से पहले सभी तैयारियों को कर लें पूरा

♦ मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक बोले- अप्रैल-मई महीने में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर और औसत से अधिक रहने की संभावना

♦ इस अवधि में लू चलने की संभावना अधिक

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं अन्य आपदाओं की पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष गर्मी ज्यादा है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की तैयारी रखें और लोगों को सचेत करें। वहीं, बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक ने इस वर्ष मॉनसून सत्र के दौरान वर्षापात के पूर्वानुमान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अप्रैल-मई महीने में देश के अधिकांश हिस्सों, जिसमें बिहार राज्य भी शामिल है, जहां अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर और औसत से अधिक रहने की संभावना है। इस अवधि में लू चलने की संभावना बताई गई है।

समीक्षा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मानसून के आगमन के पूर्व सभी तैयारियां ससमय पूरी कर लें। अभी से इसको लेकर एक-एक चीज पर नजर रखें। आपदा प्रबंधन विभाग सतत इसका अनुश्रवण करते रहे कि और क्या-क्या करने की जरूरत है ताकि लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो। जिन जिलों में बाढ़ आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, वहां तेजी से इस पर कार्य करें। पिछले वर्ष सामुदायिक रसोई का संचालन बेहतर ढंग से किया गया था। इस वर्ष भी बाढ़ की स्थिति में सामुदायिक रसोई का संचालन बेहतर ढंग से किया जाए। आगे सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भू-जलस्तर पर नजर रखें और पेयजल का इंतजाम रखें। हर घर नल का जल से लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसे पूरी तरह मेंटेन रखें। जिलाधिकारी अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें, क्षेत्रों में जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लें, उसके अनुसार सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में प्रभावितों को हरसंभव मदद करती है, इसे ध्यान में रखते हुये सभी संबद्ध विभाग और अधिकारी सतर्क रहें। वहीं, इस दौरान उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा सहित कई मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे।





### नदियों के गाद की उड़ाही एवं शिल्ट हटाने का काम तेजी से हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से सुरक्षा हेतु बचे हुए सभी कटाव निरोधक कार्य एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य को मॉनसून के पहले पूर्ण करें। नदियों के गाद की उड़ाही एवं शिल्ट हटाने को लेकर तेजी से कार्य करें। इससे बाढ़ का खतरा भी कम रहेगा और नदियों की जल संग्रहण क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे सिंचाई कार्य में और सुविधा होगी। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सात अवयवों में जल संरक्षण को लेकर कार्य किए जा रहे हैं, इसकी भी सतत निगरानी करें। वृक्षारोपण के कार्य को और बढ़ाया जाए। नगर विकास एवं आवास विभाग नगर निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जल्द से जल्द प्रशिक्षण करा दें ताकि उन्हें सभी दायित्वों की जानकारी हो और बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

## जदयू ने भाजपा से पूछा... गुजरात में जहरीली शराब से मौत पर क्यों नहीं दिया मुआवजा?

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मोतिहारी में जहरीली शराब से 40 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक 31 मौतों की ही पुष्टि की गई है। इन सबके बीच राजनीति भी तेज हो रही है। बुधवार को जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पर हमला बोला।

नीरज कुमार ने भाजपा से सीधा सवाल करते हुए कहा कि क्या यह सही नहीं है कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की



शराबबंदी नीति की तारीफ नहीं की थी? क्या शराबबंदी कानून पर भाजपा के नेता नरेंद्र मोदी को ही अंगूठा दिखा रहे हैं? उन्होंने बीजेपी से सवाल किया कि जब इनकी पार्टी सत्ता में थी तब कितने नेता घटना होने पर घटनास्थल पर गए? गुजरात में जहरीली शराब से मौत पर क्यों नहीं मुआवजा दिया गया? भाजपा के लोग अपने प्रदेश में शराब पिलाकर राष्ट्र निर्माण कर रहे हैं। बीजेपी के नेताओं को नीतीश कुमार की बराबरी करने में 1000 बार जन्म लेना होगा।

**सीएम योगी पर हमला:** नीरज कुमार ने कहा कि बीजेपी के लोग यह बताएं कि यूपी में कितने हिंदू हैं जो शराब पीकर मरे उन्हें मुआवजा दिया गया, मुसलमानों की बात छोड़ दीजिए क्योंकि आप हिंदुओं के ठेकेदार बने हुए हैं। पिछड़ा और अति पिछड़ों का नाम जारी करें, जिनके बारे में वह लागातार आरोप लगा रहे हैं कि वह जेल में बंद हैं। यह लोग शराब पिलाकर हिंदू धर्म की ठेकेदारी करना चाहते हैं।





### संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार भारत में चीन से 20 लाख लोग ज्यादा

## चीन को पछाड़ भारत बना दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अब चीन नहीं, बल्कि अपना देश भारत है। इस साल की शुरूआत में ही ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया था कि 2023 में सबसे ज्यादा जनसंख्या भारत में होगी, और अब इस पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के नवीनतम आंकड़ों ने मुहर लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत में अब चीन की तुलना में 20 लाख से ज्यादा लोग हैं, और इस देश की आबादी बढ़ते-बढ़ते 140 करोड़ के



पार पहुंच गई है। चीन में बच्चे पैदा करने की दर कम हुई है, और वो इस साल माइनस में दर्ज की गई।

यूएनएफपीए की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023', जिसे '8 बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीजः द केस फॉर राइट्स एंड चॉइस' के टाइटल से जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि अब भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन है, जबकि चीन की जनसंख्या 1,425.7 मिलियन है। यानी दोनों की जनसंख्या में 2.9 मिलियन का अंतर हो गया है। रिपोर्ट में ताजा आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की कैटेगरी में दिए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या डेटा रिकॉर्ड में यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या 1950 के बाद से चीन से ज्यादा दर्ज की गई है।

### भारत के पास दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भी

रिपोर्ट के अनुसार भारत की 25% आबादी 0-14 आयु वर्ग में है, यहां 10-19 साल तक की आयु के लोग 18% हैं, 10-24 साल तक के लोग 26% हैं, 15-64 साल तक के लोग 68% और 65 से ऊपर के लोग 7% हैं। वहीं, चीन को देखें तो वहां संबंधित आंकड़े 17%, 12%, 18%, 69% और 14% हैं। वहां 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग लगभग 20 करोड़ हो गए हैं। कुछ दशक पहले चीनी सरकार ने 1 बच्चे वाली नीति लागू कर दी थी, जिसका खामियाजा वहां की सरकार को इस तरह भुगतना पड़ा कि लोगों ने बच्चे पैदा करना छोड़ दिया। अब हालात ये हैं कि चीनी सरकार कहती है कि जो जोड़े 2 या 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे तो उन्हें कई तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

# आरा स्टेशन पर हादसा... पुणे-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

- दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी के समीप घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**



दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी गुमटी के समीप डाउन लाइन पर बुधवार की सुबह पुणे-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत मझिआंव गांव निवासी भिखारी प्रसाद का 43 वर्षीय पुत्र जितेंद्र भिकारी प्रसाद है एवं वह पेशे से मजदूर था। वह लगभग 12 वर्षों से पुणे में ही किराये का मकान लेकर अपने पूरे परिवार के साथ रहता था और वहीं प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक का बड़ा साला धनजी राम ने बताया कि उनके छोटे बेटे रवि रंजन कुमार की शादी 9 मई को एवं मृतक के चचेरे भाई सत्येंद्र राम की बेटी अलका कुमारी की शादी 19 मई को होने वाली है। दोनों की शादी में शामिल होने के लिए वह मंगलवार को पुणे-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन से अपने पूरे परिवार के साथ वापस आरा लौट रहे थे। लौटने के क्रम में जैसे ही ट्रेन आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकी। इसके बाद वह अपने पूरे परिवार एवं सामान लेकर स्टेशन पर उतर गए। लेकिन जल्दी में दो बैग ट्रेन में ही रह गया। उसी बैग को लेने के लिए वह ट्रेन में चढ़ गए। ट्रेन जब आरा प्लेटफार्म एक से खुलकर पूर्वी गुमटी के पास पहुंची और धीमी हो गई तो उसी दौरान उतरने के क्रम में यह हादसा हो गया।

बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व पांच बहन में छठे स्थान पर थे। मृतक के परिवार में पत्नी कमलावती देवी व तीन पुत्री अनीता,अश्वन्ती, वैष्णवी एवं एक पुत्र सूर्य प्रताप है। घटना के बाद मृतक की पत्नी कमलावती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हाल्ट के समीप डाउन लाइन पर बुधवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद रेलवे ट्रैक मैन द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हैं आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## बिहार में निशाने पर बैंक: शाहपुर थाना के बेलौटी गांव स्थित द. बिहार ग्रामीण बैंक की घटना

# भोजपुर में बैंक डकैती की कोशिश नाकाम पिस्टल ने दगा दिया तो भाग निकले लुटेरे

- बाइक से आये थे तीन बदमाश सभी ने पहन रखी थी मास्क
- हथियार के बल पर ग्राहकों व बैंककर्मियों को बनाया बंधक
- मैनेजर पर की फायरिंग, मिस्ड फायर होने से बची जान

**केटी न्यूज/आरा**







भोजपुर में बुधवार को बैंक डकैती की कोशिश नाकाम हो गयी। मैनेजर और चौकीदार सहित अन्य लोगों के विरोध से अपराधियों को पीछे हटना पड़ा। वहीं ऐन मौके पर अपराधियों का पिस्टल भी दगा दे गया। उस कारण लुटेरों को जान बचाकर भागना पड़ा। इससे जहां बैंक के पैसे लुटने से बच गया । वहीं अपराधियों की ओर से फायर की गयी गोली मिस्ड होने के कारण मैनेजर भी बाल-बाल बच गये। वारदात शाहपुर थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है।

सूचना मिलते जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र, बिहिया इंस्पेक्टर कामेश्वर प्रसाद, डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार और दारोगा संजीव कुमार पहुंचे, तब तक अपराधी भाग निकले थे। हालांकि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है। उसके लिए एसपी प्रमोद कुमार की ओर से एक टीम भी गठित कर दी गयी है। डीआईयू की भी मदद ली जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे मास्क और टोपी पहने तीन की संख्या में अपराधी बैंक में धावा बोलते हैं। उसके बाद पिस्टल के बल पर तीनों सभी बैंक स्टाफ और ग्राहकों को अपने कब्जे में कर लेते हैं। बैंक मैनेजर से पैसे की डिमांड करते हैं। उस दौरान केबिन का शीशा तोड़ देते हैं। दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की कोशिश करते हैं, लेकिन फायर नहीं हो सका। उसके बाद मैनेजर और चौकीदार सहित अन्य लोग अपराधियों को पकड़ने की कोशिश करते हैं। उसे देखते हुए अपराधी भाग जाते हैं। बैंक से बाहर आने के बाद तीनों एक ही बाइक से बिहिया की ओर भाग गये। एसपी ने बताया कि बेलौटी स्थित ग्रामीण बिहार बैंक में तीन अपराधी घुसे थे। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। एसपी ने बताया कि अपराधियों की पहचान धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

**हुलिया और बोलचाल की भाषा के जरिए अपराधियों तक पहुंचने में जुटी पुलिस:** बैंक में डकैती की कोशिश के बाद पुलिस फुल एक्टिव मोड में आ गयी है। अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। इधर, कदकाठी, हुलिया और बोलचाल की भाषा के जरिए भी पुलिस अपराधियों का क्लू लेने में पुलिस जुटी है। बताया जा रहा है कि तीनों अपराधियों की उम्र बीस से तीस के बीच होगी। तीनों हिंदी में बात कर रहे थे।

## भाग रहे लुटेरों पर ग्रामीणों ने फेंके ईंट पत्थर, दुबारा की फायरिंग की कोशिश

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के बेलौटी स्थित ग्रामीण बैंक में अपराधी बड़ी रकम लुटने की फिराक में आये थे। पैसे ले जाने के लिए अपराधी बैग और झोला लेकर बैंक पहुंचे थे। लेकिन पिस्टल ने धोखा दिया, तो अपराधियों को उल्टे पांव भागना पड़ा। लुटेरों की किस्मत इतनी खराब थी कि उनकी पिस्टल ने दो-दो बार धोखा दे दिया। ऐसे में पैसे लुटने आये अपराधियों को अपनी जान बचाने के लिए ग्रामीणों पर ईंट-पत्थर तक फेंकना पड़ा। अपराधियों को भगाने में मैनेजर जयशंकर चौबे व चौकीदार की दिलेरी भी सामने आयी है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे ग्रामीण बैंक की बेलौटी शाखा में तीन की संख्या में अपराधी पहुंचे। उसमें दो के हाथ में पिस्टल थी। एक ने बैग और झोला भी लिया था। बैंक में प्रवेश करते ही तीनों ने सभी बैंक स्टाफ और ग्राहकों को अपने कब्जे में कर लिया। उसके बाद सभी को एक जगह बैठा दिया। उस दौरान एक बदमाश मैनेजर कक्ष में पहुंच गया और उनको भी अपने कब्जे में कर लिया। वहीं दो बदमाश कैश काउंटर पर पहुंचे और बैग देकर पैसे भरने को कहने लगे। देर होने पर केबिन का शीशा तोड़ डाला। उस बीच मौका देख मैनेजर और चौकीदार एक बदमाश को धक्का देकर भागने लगे। उस पर लुटेरे भी मैनजेर का पीछा करते भाग निकले। उस क्रम में लुटेरों द्वारा बैंक मैनेजर पर दो बार फायरिंग की गयी, लेकिन दोनों बार पिस्टल फंस गयी। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। इधर, सूबे में बढ़ रही बैंक डकैती की वारदात के बीच भोजपुर की यह घटना कुछ राहत भरी रही।

## मैनेजर की सूझबूझ से बच गये बैंक के 10 लाख रुपए

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की बेलौटी शाखा के मैनेजर जयशंकर चौबे की दिलेरी से करीब दस लाख रुपए लुटने से बच गये। घटना के समय बैंक में मौजूद चौकीदार की भूमिका भी सराहनीय रही। बताया जा रहा है कि तीन बदमाश बैंक में पहुंचे और हथियार का भय दिखा कर सभी को कब्जे में कर लिया। उस दौरान मैनेजर को भी ग्राहकों के साथ खड़ा कर दिया। उस समय एक अपराधी पिस्टल लेकर बैंक के मेन गेट पर खड़ा था। दो कैश काउंटर पर पैसे मांग रहे थे। उस दौरान अपराधी द्वारा मैनेजर पर फायरिंग की गयी, लेकिन पिस्टल फंस गयी। तभी मैनेजर पिस्टल लिए खड़े उस लुटेरे को धक्का देकर भागने लगे। लुटेरे भी उनका पीछा करते बाहर आ गए। उस दौरान मैनेजर बैंक कैंपस के गेट तक पहुंच गये। वहां गेट में लगे चेन में फंस कर वह जमीन पर गिर गये। तब अपराधियों ने दुबारा उन पर फायरिंग की, लेकिन उस समय भी गोली नहीं चली। उस दौरान बैंक में मौजूद लोगों द्वारा अपराधियों पर ईंट-पत्थर फेंका गया। तब गोली नहीं चलते देख लुटेरे भी ईंट-पत्थर फेंकते बाइक से भाग निकले।

**रिजनल मैनेजर और चीफ मैनेजर ने लिया बैंक का जायजा:** डकैती के प्रयास की सूचना मिलने पर रिजनल मैनेजर आरएन त्रिवेदी और चीफ मैनेजर हरेंद्र पांडेय बेलौटी बैंक पहुंचे। दोनों अफसरों ने बैंक मैनेजर से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। शाखा प्रबंधक जयशंकर चौबे ने बताया कि बैंक का कैश सुरक्षित है। हालांकि, घटना के बाद बैंक कर्मियों में भय का माहौल है। बताया जा रहा है कि करीब एक दशक पहले भी बैंक लूट की कोशिश की गयी थी। उस समय बदमाशों ने गैस कटर से गेट काटकर लूटपाट की कोशिश की थी, लेकिन उस समय चौकीदार के तत्परता के कारण बैंक लूटने से बच गया था।

## भोजपुर में ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे ट्रक खलासी को रौंदा

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के डोरीगंज एवं बबुरा बाजार के बीच लक्ष्मी ढाबा के समीप बुधवार की सुबह बेलगाम ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रहे ट्रक खलासी को रौंदा दिया। हादसे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक सिवान जिला के दरौली थाना क्षेत्र के मठिया दरौली गांव निवासी सुमन पटेल का 19 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार पटेल है एवं वह पेशे से ट्रक खलासी था। इधर मृतक के जीजा के भाई अनिल कुमार पटेल ने बताया कि मैं पेशे से ट्रक चालक हूं और वह मेरे ही साथ मेरे ट्रक पर खलासी का काम करता था। बुधवार की सुबह हम लोग संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव स्थित बालू घाट से ट्रक पर बालू लोड कर वापस सिवान लौट रहे थे। लौटने के क्रम में आरा-छपरा फोरलेन पर बबुरा बाजार एवं डोरीगंज के बीच वह ट्रक से उतरकर लक्ष्मी ढाबा में चाय पीने गया था। चाय पीकर जब वह वापस लौटने के क्रम में सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया।

## करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में मंगलवार की देर शाम करंट की चपेट में आने से शौच करने जा रहे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी स्व.रामप्रवेश साह के 60 वर्षीय पुत्र लाली साह है एवं पेशे वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के छोटे बेटे लक्ष्मण कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह शौच करने के लिए बधार की ओर जा रहे थे। जहां बधार गांव के ही एक व्यक्ति का मकई का खेत है। जिसमें उसने मवेशी जाने को लेकर खेत के चारों और बिजली का तार लगाया है। जाने के क्रम में उसी बिजली की तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## एक नजर

### गया में मिड डे मील खाने के बाद 50 से अधिक छात्राएं बीमार, आठ की स्थिति खराब




**गया।** गया के डुमरिया प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय मैगरा में बुधवार को मिड डे मील खाने के बाद 50 से अधिक छात्राएं बीमार हो गईं। आनन-फानन में 24 छात्राओं को डुमरिया सरकारी अस्पताल में लाया गया। यहां आठ की स्थिति खराब है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। कस्तूरबा विद्यालय के प्रधान नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि एमडीएम खाने से बच्चों को अचानक उल्टी होने लगी। कुछ ने कहा कि उन्हें नशा जैसा हो रहा है। इसके बाद एंबुलेंस से 24 छात्राओं को डुमरिया सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। इधर, अस्पताल में भर्ती एक छात्रा ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि एमडीएम में छिपकली गिरी थी। वहीं स्कूल के एक कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि एमडीएम में छिपकली गिरी थी। इस मामले में कस्तूरबा विद्यालय मैगरा के वार्डन की लापरवाही सामने आई है। हालांकि वार्डन अनु ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। बच्चे बीमार हुए हैं तो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक रसोई बनाने वाले की ओर से घोर लापरवाही बरते जाने की बात सामने आई है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मध्यान भोजन में छिपकली गिरने की बात सामने आ रही है। फिलहाल इस पर कस्तूरबा विद्यालय के प्रधान कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं। इस पूरे मामले पर गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पूरी घटना की जांच के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी और शेरघाटी एसडीओ की संयुक्त जांच समिति बनाई गई है। अगर कोई लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### गया में अडानी ग्रुप के निमार्णाधीन कंट्रोलिंग स्टेशन में लगी आग, 50 लाख के पाइप जले

**गया।** गया में अडानी ग्रुप के निमार्णाधीन कंट्रोलिंग स्टेशन में मंगलवार को आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उससे लगभग 40- 50 लाख रुपये मूल्य के पाइप के जलकर नष्ट हो जाने का अनुमान है। आगजनी सूचना के बाद पहुंची अग्निशामक विभाग की टीम ने भीषण आग पर काबू पाया। गया के बंधुआ स्टेशन समीप परोरिया गांव के समीप यह घटना हुई है। इस संबंध में इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड सीजीएस स्टेशन गया-नालंदा के वरीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बताया कि आग अचानक लगी। इसका कारण बिजली की चिंगारी भी हो सकती है, लेकिन फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है, कि आग कैसे लगी। बताया गया कि परोरिया में इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड सीजीएस स्टेशन का कंट्रोलिंग स्टेशन अभी अंडर कंस्ट्रक्शन स्टेज में है। गया के परोरिया में इसका कंट्रोलिंग स्टेशन बनना है, जिसका काम लगातार जारी है। इस बीच मंगलवार को कंट्रोलिंग स्टेशन में रखे भारी संख्या में पाइप में आग लगने से नष्ट हो गए। अजय कुमार सिंह ने बताया कि गेल कंपनी द्वारा जो पाइप लाइन योजना तैयार की गई है, उसके थ्रू गैस आएगी और हमारे कंपनी इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड सीजीएस स्टेशन के द्वारा इसकी सप्लाई गया शहर को की जाएगी। इसके कंट्रोलिंग स्टेशन के निर्माण का काम अभी चल ही रहा है और इसी बीच आगजनी की घटना हो गयी।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की डीएम ने की समीक्षा



**जहानाबाद।** जहानाबाद के जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी महिला पर्यवेक्षिका के साथ आईसीडीएस कार्यों के साथ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि पोषक क्षेत्र का सर्वे कर इस योजना से अच्छादित किया जाए। बैठक में जिला पदाधिकारी ने पोषक ट्रेकर एप की समीक्षा की तथा SAM बच्चों दर में गिरावट दर होने पर संतोष व्यक्त किया एवं डैक्स बोर्ड पर SAM/MAM बच्चों की इंट्री करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को पुनः प्रशिक्षण दिया जाए।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र की निरीक्षण की समीक्षा की गई तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा मानक से कम निरीक्षण में पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा भविष्य में सुधार करने के लिए चेतावनी दी गई। जिला पदाधिकारी ने सभी सेविकाओं को निर्देश दिया कि जिले के आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन प्रातः 07:00 बजे से 10:30 बजे तक अगले आदेश तक किया जाए। साथ सभी महिला पर्यवेक्षिका को निदेश दिया कि गुणवत्ता पुर्ण निरीक्षण किया जाए।

### राहुल गांधी द्वारा जाति आधारित जनगणना का समर्थन किए जाने पर जदयू ने जताया आभार

**जहानाबाद।** राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा जाति आधारित जनगणना का समर्थन किए जाने पर जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जाति आधारित जनगणना का समर्थन सामाजिक न्याय की दिशा में एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है। हम इसका दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि जदयू और हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्षो से देश भर में जाति आधारित जनगणना कराना चाहते थे इसके लिए काफी दिनो से प्रयासरत रहे। इसी पहल को साकार करने के लिए हमारी पार्टी के 11 सांसदों की टीम गृह मंत्री से मिलकर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग रखी थी। लेकिन उनके द्वारा मांगो को खारिज कर दिया गया। इसके बाबजूद मुख्यमंत्री जी ने राज्य कोष से जाति आधारित जनगणना कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। जिसे दुर्भावना से ग्रसित भाजपा अड़ंगा लगाती रही। इसके बावजूद मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्णय एवं संकल्प के सामने भाजपा को आखिरकार चारों खाने चित होना पड़ा। और आज पूरे बिहार में जाति आधारित जनगणना शुरुआत हो चुकी है। जदयू जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा लागू की गई कई लोक कल्याण योजना से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने काम किया है।

## 25 को मनाया जाएगा विश्व मलेरिया दिवस, टाइम तो डिलीवर जीरो मलेरिया: इंवेस्ट, इनोवेट, इम्प्लीमेंट है इस वर्ष की थीम

# सावधानी अपनाकर मलेरिया से करें अपने और अपनों की सुरक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर जिले में अभी से तैयारी चल रही है। मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर प्रखण्ड स्तर पर मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम बिहार के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम निदेशक डॉ.अशोक कुमार ने जिलों के सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश जारी किया है।



**क्या है मलेरिया:** प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार ने बताया, मलेरिया प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इसमें कंपकंपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता है। कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर जाता है, लेकिन बुखार आते-जाते रहता है। फेलसीपेरम मलेरिया (दिमारी मलेरिया) की अवस्था में तेज बुखार होता है। खून की कमी हो जाती है। बुखार दिमाग पर चढ़ जाता है। फेफड़े में सूजन हो जाती है। पीलिया एवं गुर्दे की खराबी फेलसीपेरम मलेरिया की मुख्य पहचान है।

**जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें:** मलेरिया से सुरक्षा के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल डालें। घर के आसापस बहने वाली नाले की साफ-सफाई करते रहें। मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की तरफ से डीडीटी का छिड़काव कराया जाता है। छिड़काव कर्मियों के आने पर उनका सहयोग करें और छिड़काव की तिथि की जानकारी ग्रामीणों को दें।

## सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज की निशुल्क व्यवस्था

डॉ. कुमार ने बताया, मलेरिया बुखार होने पर पीड़ित व्यक्ति को नजदीकी सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। खून की जांच में मलेरिया निकलने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लेनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में इसकी नि:शुल्क जांच और इलाज की व्यवस्था है। मलेरिया फैलाने वाला मच्छर किसी स्थान पर ठहरे हुए साफ पानी और धीमी गति से बहने वाली नालियों में अंडे देती है और वहां पर पनपती है।

**आशा के लिए प्रोत्साहन राशि की भी व्यवस्था:** 2030 तक मलेरिया को खत्म करने का लक्ष्य है, इसे लेकर प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। आशा कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर मलेरिया के संदिग्ध मरीजों की आरडीटी किट से जांच कर रही हैं। प्रति जांच उन्हें 15 रुपये की राशि देने की भी व्यवस्था है। साथ ही मरीज मिलने पर उसका इलाज कराने पर 75 रुपये प्रति मरीज अलग से दिए जाने की व्यवस्था है।

## खबरें फटाफट

### घर का ताला तोड़ आभूषण व लाखों के सामान की चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हाता गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ सोने के आभूषण सहित कीमती सामानों की चोरी कर फरार हो गये। चोरी किये गये सामानों की कीमत करीब एक लाख से अधिक बतायी जाती है। इस मामले में पीड़ित हाता के डेरा गांव निवासी राजू कुमार ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि सभी परिवार रात्रि पहर खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गये और बैग सहित चार बक्से चोरी कर ली, जिसमें 26 हजार 500 रुपये नगद सोने की बाली, झुमका एवं लॉकेट सहित चांदी का पायल था। इसके अलावे जरूरी कागजातों के साथ सर्टिफिकेट भी गायब है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सुबह में जब इसकी जानकारी मिली तो घर मे अफरा-तफरी मच गयी। काफी खोजबीन के बाद रेलवे लाइन के किनारे खाली बक्से फेंके पड़े मिले। बक्से से सारा सामान गायब था।

### विवाद में युवक की पिटाई, दो पर केस

**डुमरांव।** थाना क्षेत्र के नंदन गांव के बधार में एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नंदन गांव निवासी महेंद्र यादव ने अपने ही गांव के दो युवकों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल करने में जुटी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि गांव के ही संजय यादव एवं कमलेश यादव शराब के नशे में आकर मेरे साथ गाली-गलौज करने लगें। जब मैंने इसका विरोध किया तो लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे मैं चोटिल हो गया। हो-हल्ला करने पर गांव के लोग पहुंचे और बीचबचाव कर मामले को शांत कराया।

# गर्मी और लू का सितम... जिला प्रशासन ने बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

- भीषण गर्मी व लू के थपेड़ो से अस्पतालों में बढ़ी भीड़
- पूरे दिन सड़क से लेकर बाजार तक पसरा रहा सन्नाटा

**केटी न्यूज/बक्सर**





मौसम की तल्खी का दौर बुधवार को भी जारी रहा। पूरे दिन चली लू चलने तापमान 42 डिग्री सेल्सिय को पार कर गया था। लू के थपेड़ो तथा आग उगलते सूरज के कारण लोगों पूरे दिन घरों में दुबके रहे। जिस कारण सड़क से लेकर बाजार तक सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि सूर्यास्त के बाद कुछ घंटो के लिए बाजार में चहल पहल जरूर बढ़ गई थी। पिछले एक पखवाड़े से मौसम की यह तल्खी जारी है। अप्रैल में इस कदर गर्मी तथा प्रचंड लू को देख लोग अभी से ही मई व जून में पड़ने वाली गर्मी की कल्पना से चिंतित हो गए है। लोगों का कहना है कि यदि मौसम की यही तल्खी जारी रही तो मई जून में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाएगा। तब गर्मी से परेशानी और बढ़ जाएगी। पिछले सप्ताह भर से जारी लू के कारण लोग डिहाइड्रेशन तथा लू लगने के शिकार हो रहे है। जिलेभर के सराकरी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ते जा रही है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों से लू से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को बताया गया है।

### घर से बाहर निकलें तो सिर पर गमछी या टोपी रखें

जितनी बार हो सके पानी पीएं, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। घर से बाहर हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। गमछे या टोपी से सिर को ढंके। हल्का और ताजा भोजन करें मौसमी फल तरबूज, खीरा आदि का प्रयोग करें। तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें। अधिक तापमान में बहुत अधिक शारीरिक श्रम न करें। चाय कॉफी जैसे गर्म पेय तथा जर्दा, तंबाकू आदि मादक पदार्थों का सेवन न करें। ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन जैसे-मांस अंडा व सूखे मेवे का सेवन कम करें। गर्मी या लू के कारण उल्टियां आने या बेहोश होने के बाद कुछ भी खाने पीने को न दें।

**सुबह 6.30 से 10.30 तक ही संचालित होंगे स्कूल:** मौसम को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों को एक घंटा पहले बंद करने का निर्देश दिया है। ऐसा बच्चों के स्वास्थ को देखते हुए किया गया है। डीईओ ने पत्र जारी कर बताया है कि सुबह 6.30 से 10.30 तक ही स्कूल संचालित होंगे। हालांकि शिक्षक 11.30 तक स्कूल में उपस्थित हो गैर शैक्षणिक कार्यों को संपादित करेंगे।

## डीएम ने केशोपुर जलशोध संयत्र व कोईलवर तटबंध का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

# हर हाल में जून तक पूरा करें जलशोध संयंत्र का निर्माण कार्य: अंशुल अग्रवाल

**केटी न्यूज/बक्सर**





बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार को सिमरी प्रखंड के केशोपुर स्थित निमार्णाधीन जलशोध संयत्र तथा कोईलवर तटबंध का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज भी थे। डीएम सबसे पहले केशोपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने जल शोध संयत्र के निर्माण की जानकारी ली और कार्यपालक अभियंता समेत अन्य अधिकारियों से निर्धारित समय तक काम पूरा करने, गुणवत्ता का ख्याल रखने तथा संयत्र के बाहर एक शीलापट्ट लगा उस पर इस जलशोध संयत्र में तैयार होने वाले पेयजल की खासियत को अंकित करने का भी निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि हर हाल में निर्धारित समय जून 2023 में इसका निर्माण कार्य पूरा होना चाहिए। इसके बाद वे कोईलवर तटबंध का निरीक्षण करने चले गए।

**बरसात पूर्व तटबंध मरम्मत कराने का दिया निर्देश:** कोईलवर तटबंध के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को हर हाल में बरसात के पूर्व इस तटबंध का मरम्मत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तटबंध में जहां मिट्टी कटाव हुआ है वहा मिट्टी का भराव कर उसे मजबूत करे। इसके अलावे उन्होंन प्लास्टिक की बोरियों में रेत भर उसे तटबंध के किनारे डालने का निर्देश भी दिया। बता दें कि गंगा में जब बाढ़ आती है तो इस तटबंध के कारण ही जान माल की सुरक्षा होती है। जिस कारण बांध के मरम्मत का काम बरसात पूर्व किया जाता है।

**168 करोड़ की लागत से 51 गांवों को मिलेगी आर्सेनिक युक्त पानी से छुटकारा:** बता दें कि केशोपुर में जलशोध संयत्र का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में शुरू हुआ था। इसके तहत 168 करोड़ की लागत से 51 गांवों को आर्सेनिक युक्त पानी पीने से छुटकारा दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस जलशोध संयत्र का निर्माण कार्य वर्षों पहले ही पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन कभी बाढ़ तो कभी कोरोना की वजह से निर्माण में विलंब हुआ है। अब जून में इसे शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित समय नजदीक आने के बाद जिला प्रशासन निर्माण कार्यों व गुणत्ता को परख रहा है। बता दें कि दियारा क्षेत्र के भूमिगत जल में आर्सेनिक की समस्या गंभीर हो गई है। जिस कारण लोगों को चर्म रोग, पेट संबंधित बीमारियां यहां तक की कैंसर जैसा लाइलाज मर्ज भी हो रहा है। इससे निजात दिलाने के लिए ही केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। जिसके तहत गंगा जल को प्यूरीफाई कर शुद्ध पेयजल बना उसकील आपूर्ति पाइप के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न गांवों में करना है। ताकी लोगों को आर्सेनिक का मीठा जहर पीने से मुक्ति मिल जाए।

**तीन चरणों में पूरा हो रहा है काम:** इस संबंध में लोक स्वास्थ प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि इसका काम तीन फेजों में पूरा किया जा रहा है। पहले फेज में गंगा के पानी का जलशोध संयत्र तक पहुंचाना, दूसरे फेज में इस पानी को ट्रिटमेंट कर पीने योग्य बनाना तथा तीसरे फेज में पाइप बिछा लोगों तक शुद्ध पेयजल मुहैया कराना था। जो अब लगभग पूरा हो चला है। पाइप बिछाने का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि इस योजना से सिमरी प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के 51 गांव व 37330 घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस जलशोध संयत्र से पूरे प्रखंड में जलापूर्ति के लिए चार रूट निर्धारित किए गए है। संयत्र के पास मास्टर जलमीनार बनया गया है। जबकि क्षेत्र के 13 जलमीनारों को इससे जोड़ा गया है। जिसके सहारे आपूर्ति दी जाएगी। इस जलशोध संयत्र के जल्दी शुरू होने की उम्मीद से प्रखंडवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## एक नजर

### सामाजिक उत्थान के लिए पांच एजेंडों पर मुहर लगाएगा केसरवानी वैश्य सभा, 21 को आयोजन

**डुमरांव।** केसरवानी वैश्य समाज के परिवारिक मिलन उत्सव की तैयारी तेज हो गई है। इस सम्मेलन में सामाजिक उत्थान के लिए गरीब बेटियों की शादी, एम्बुलेंस के साथ ऑक्सीजन सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण पांच एजेंडों पर केसरवानी वैश्य ने मोहर लगाने की योजना तैयार की है। यह आयोजन 21 अप्रैल को शहर के कनक पैलेस में होने वाला है। जिसमें बिहार प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष अशोक केशरी, निर्वाचित अध्यक्ष अश्वस्थामा केशरी, प्रदेश महामंत्री सतेंद्र केशरी सहित दर्जनों पदाधिकारी इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे। आगत अतिथियों के हाथों प्रतिभावान प्रतिभाओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा जायेगा। नगर सभा के अध्यक्ष राजेंद्र केशरी, तरुण सभा के अध्यक्ष अखिलेश केशरी, संरक्षक मनोज केशरी, महेंद्र केशरी, संतोष केशरी, दिलीप केशरी, अनिल केशरी आदि ने बताया कि आगत अतिथियों के स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गयी है। केसरवानी वैश्य सभा समाज के कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया है। गरीबी उन्मूलन सामाजिक उत्थान के लिए समाज में जागरूकता के साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया जायेगा। पारिवारिक जनगणना, एकजुटता के साथ महिला सभा का भी गठन किया जायेगा। स्वजातीय समाज में नौकरी योग्य एवं शादी-विवाह के लिए लड़के एवं लड़कियों का ब्यौरा को संग्रह किया जायेगा। समारोह की अवधि सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक रखी गयी है, जिसमें संगठन की मजबूती पर विचार, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी है। मौके पर जयकिशन केशरी, राजू केशरी, मंटू केशरी, पवन केशरी, धीरज केशरी, संजय केशरी, आदित्य केशरी लक्की, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सहियार मुखिया के खिलाफ मुखर हुए ग्रामीण, एसडीओ को दिया आवेदन, लगाए गंभीर आरोप

**सिमरी।** सिमरी अंचल के सहियार पंचायत में षष्टम वित्त एवं 15 वें वित्त योजना में मुखिया द्वारा मानकों की अनदेखी कर बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती है गई है। जिस कारण पंचायत में बनी कई नाली गली व कुआं छह माह में ही टूटने लगे है। ऐसा आरोप पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने लगाते हुए एसडीओ को आवेदन दिया है। एसडीओ को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि वे लूट खसोट के खिलाफ दो बार सिमरी बीडीओ को आवेदन दे चुके है। बावजूद सिमरी बीडीओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदन में बताया गया है कि पंचायत के वार्ड 10 स्थित अनुसूचित जाति बस्ती में मुखिया द्वारा बनवाई गई नाली, गली तथा कुआं छह महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। वही गोबरहा बाबा के चबूतरा निर्माण में भी घटिया ईंट का प्रयोग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया है कि इसके अलावे भी कई योजनाओं में मानक को दरकिनार कर घटिया निर्माण कराया गया है। आवेदन देने वालों में ग्रामीण पंकज ठाकुर, चंदन कुमार, संजय ठाकुर, सुगंधन राम, विमलेश कुमार शर्मा, रोहित कुमार ठाकुर, विवेक ठाकुर, गणेश कुमार ठाकुर, गोविंद कुमार, सुमन देवी आदि शामिल है। अब देखना है कि आवेदन मिलने के बाद एसडीओ क्या कार्रवाई कर रहे है।

### बाबा कृषक हितार्थ समूह की बैठक में खेती की तकनीकों से अवगत हुए किसान



**केसठ।** प्रखंड में स्थानीय बैजनाथपुर गांव में बाबा कृषक हितार्थ समूह की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन ने व संचालन प्रभारी बीटीएम डॉ प्रफुल कुमार ने किया। बैठक में उप परियोजना निदेशक आत्मा बक्सर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किसान अधिकारियों से रूबरू हुए। इस दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्या रखा। समूह के सदस्यों के बागवानी करने का तरीका से अवगत हुए। अधिकारियां ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। बता दें कि इस बीस सदस्यीय समूह का मुख्य उद्देश्य बागवानी करना। इस संबंध में जानकारी देते हुए आत्मा प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र दुबे ने बताया इस बैठक में किसानों ने अपनी अपनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समस्या को रखा वही बागवानी से जो फल प्राप्त होंगे उन्हें कहा बेचा जाएगा यह भी उन्हें जानकारी दी गई। इस मौके पर लेखापाल प्रफुल्ल कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी शशि यादव, रामपुर किसान सलाहकार विजय कुमार सहित समूह के पप्पू तिवारी, विश्वनाथ पांडे, शंभू नाथ तिवारी, पवन कुमार, आनंद दुबे, नारद मुनि,मदन तिवारी, तारकेश्वर तिवारी, धीरज पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### दहेज हत्या मामले में ससुर और देवर को सात वर्षों की कारावास की सजा

**बक्सर।** दहेज हत्या मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजनी कुमार के द्वारा ससुर और देवर को दोषी पाते हुए उन्हें सात वर्षों के कारावास की सजा सुनाई गई है। खास बात यह है कि इस मामले में आरोपी बनाया गया पति निर्दोष करार दिया गया है। और उसे न्यायालय से बाइज्जत बरी कर दिया गया है।

# खिलाफतपुर मुखिया का भैसूर शराब के नशे में गिरफ्तार, पुलिस पर धौंस जमाना नहीं आया काम

- गिरफ्तारी के समय उत्पाद विभाग की टीम पर जमा रहे थे धौंस, मुखिया का भी लिया नाम
- चौसा के कर्मनाशा चेकपोस्ट पर बुधवार शाम की है घटना

**केटी न्यूज/चौसा**

बुधवार की शाम तकरीबन 4.30 बजे कर्मनाशा चेकपोस्ट पर मुस्तैद उत्पाद विभाग की टीम की नजर यूपी के तरफ से चकाचक कपड़े में पैदल आ रहे एक शख्स पर पड़ी। वह बड़े मशक्कत से अपने लड़खड़ाते कदम को संभालने का प्रयास करते हुए चला आ रहा था। लेकिन उसकी हरकतें उसे संदिग्ध बना चुकी थी। जिसके बाद उत्पाद निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने उसे रोका। उसके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। पुलिस ने जब उससे पूछा कि आप शराब पीएं है तो उसने का पीया हूं तो क्या गलत किया हूं। इसके बाद वह उत्पाद विभाग की टीम से उलझ गया और खुद को इसी प्रखंड के खिलाफतपुर पंचायत के मुखिया का भैसूर बता धौंस जमा रहा था। लेकिन उत्पाद विभाग की टीम ने उसकी एक सुनी तथा उसके गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान वह कई बार भागने का प्रयास कर रहा था। लेकिन उत्पाद विभाग की पकड़ मजबूत थी जिससे वह बच नहीं सका।

### मेडिकल कराने पर हुई शराब की पुष्टि

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मेडिकल कराया। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई इसके बाद उन्हें कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर दिया गया। गिरफ्तार शराबी की पहचान खिलाफतपुर के जवाहर प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे स्थानीय पंचायत की मुखिया के भैसूर है। उत्पाद निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह की मानें तो वह कई बार मुखिया का भैसूर होने का हवाला दे धौंस जमा रहा था।

# समय से नहीं खुलता महादेवगंज विद्यालय, घंटों इंतजार करते हैं बच्चे, अभिभावकों ने काटा बवाल

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड का महादेवगंज मध्य विद्यालय कभी भी समय से नहीं खुलता है। जिससे नाराज अभिभावकों ने बुधवार को जमकर बवाल काटा। समाजसेवी गल्लू सिंह की मानें तो वे सुबह में स्कूल के पास गए थे तो देखा कि विद्यालय खुलने के निर्धारित समय पर बच्चें इधर उधर खेल रहे है, जब बच्चों से पूछा तो उन्होंने बताया कि अभी विद्यालय में कोई शिक्षक नहीं आए है और गेट पर ताला लगा हुआ है। विद्यालय पहुंचे बच्चे बाहर खड़े होकर शिक्षकों का इंतजार करते नजर आए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते वहां दर्जनों ग्रामीण जुट गए। इसके घंटों बाद स्कूल का ताला खुला।

जदयू नेता राजीव सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि इस विद्यालय में तीन दिनों से मि-डे-मिल नहीं बन रहा है। वही समाज सेवी कृष्णा कुमार सिंह और ग्रामीणों का आरोप है कि रोजाना शिक्षक समय से विद्यालय नहीं खोलते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ पिछले दो वर्षों से जहां कोरोना को लेकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित हुई है वही दूसरी ओर इस विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में शिक्षकों के द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। विद्यालय के आनिमियता से संचालित होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोग ऐसे लापरवाह शिक्षकों को बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। जब इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि छः शिक्षकों को जाती आधारित गणना के कार्य में प्रतिनियुक्ति की गई है। जिससे विद्यालय कार्य अस्त व्यस्त चल रहा है। हालाकि स्थानीय आधिकारी के उदासीनता के कारण आए दिन सरकारी विद्यालयों के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है।

## अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं पर समीक्षा कर केन्द्रीय मंत्री ने चुरामनपुर में लगाया किसान चौपाल

# केंद्रीय मंत्री ने सुनी किसानों की समस्या, समाधान का दिया आश्वासन

- बैठक में डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के साथ अन्य विभागों के अधिकारी थे मौजूद

**केटी न्यूज/बक्सर**



अपने संसदीय क्षेत्र के पांच दिवसीय दौरे पर बक्सर आए केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को जिला अतिथि गृह में में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकास योजनाओं की समीक्षा की तथा उसमें पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। खासकर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं पर उनका विशेष फोकस रहा। बैठक में डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के साथ ही पुलिस व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में मुख्य रूप से चौसा पावर प्लांट के निर्माण और वहा के किसानों की समस्या, गोकुल जलाशय समेत अन्य विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने डीएम से चौसा पॉवर प्लांट के निर्माण के दौरान किसानों की समस्या को समझा तथा उसे सुलझाने के लिए डीएम से साकारात्मक कदम उठाने को कहा। उन्होंने किसानों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने एवं उनकी समस्याओं को सुनने को निर्देशित किया। गोकुल जलाशय को लेकर अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।

ज्ञात हो कि गोकुल जलाशय को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे के प्रयास से वेटलैंड इंटरनेशनल के वैज्ञानिक अध्ययन कर चुके हैं। इसके बाद केंद्रीय पार्टी कार्यकताओं एवं आम जनता से भी मुलाकात किये तथा उनकी समस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनने के साथ ही उनके समाधान का आश्वासन भी दिए। कई अवसरों पर वे तत्काल संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश देते देखे गए। इसके बाद वे आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पड़री, चुरामनपुर में किसान चौपाल लगाए। किसान चौपाल के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना तथा उसके समाधान का निर्देश कृषि विभाग के पदाधिकारियों को दिया। किसानों ने भी खुलकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर हरिगोविंद और डॉक्टर मांधाता सिंह उपस्थित रहे। जिन्होंने किसानों के खेती के संबंध में होने वाली समस्याओं का हल बताया और किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज की खेती के लिए प्रेरित किया।

## खबरें फटाफट

### करंट लगने से युवक की मौत

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मुलायम नगर स्थित एक मकान में बिजली का काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। उधर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव निवासी बृजेश कुमार वर्मा 22 मुलायम नगर स्थित एक मकान में बिजली का काम करने गया था। इसबीच वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के हकीमपुर सोंठी गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष ने थाने में तहरीर देकर ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने एवं दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति तथा उसके दादा के खिलाफ तहरीर दी है। इलाके के पठकौली निवासी 19 वर्षीय इंदू देवी की शादी पिछले साल हकीमपुर सोंठी निवासी रामशरण बिंद से हुई थी। बुधवार की सुबह उसकी लाश टीनशेड में लगे लकड़ी की धरन से गमछे के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। उधर मृतका के पिता मिट्ठू बिंद को लड़की के आत्महत्या के बारे में पता चला तो वह नंदगंज थाना पहुंचकर इंदू के पति रामशरण बिन्द तथा उसके दादा रामकृत बिन्द के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने एवं दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर देकर गिरफ्तार करने की मांग की।

# बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस अनियंत्रित हो पलटी, कई घायल, मची चीख-पुकार

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

दिलदारनगर थाना क्षेत्र के उसियां छोटी नहर मार्ग पर उसियां गांव के पास एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर पलट गई। कई छात्र घायल हो गए। बता दें कि दिलदारनगर के देहवल स्थित सनबीम स्कूल की बस दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर उनके घर छोड़ने जा रही थी। वह अभी उसिया गांव के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस घटना में चालक सहित करीब आधा दर्जन बच्चे चोटिल हो गए।

घटना की सूचना संबंधित कर्मचारियों के द्वारा स्कूल प्रशासन को दी गई। मौके पर पहुंचे स्कूल के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों को बस से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। साथ ही शेष बच्चों को दूसरे वाहन से उनके गंतव्य तक भिजवाया गया।







ग्रामीणों ने बताया कि दिलदारनगर के देहवल स्थित सनबीम स्कूल की बस सोमवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर उनके घर छोड़ने जा रही थी। यह अभी उसिया गांव के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। घटना के बाद बस का चारों चक्का ऊपर हो गया और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। खेतों में कटाई कर रहे किसानों व ग्रामीणों के द्वारा सभी बच्चों को बस से बाहर निकाला गया। चोटिल करीब आधा दर्जन बच्चों और बस चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की स्मृति में पांचवें हाफ मैराथन का हुआ आयोजन

# सहारनपुर के प्रिंस ने 59 मिनट 14 सेकेंड में दौड़ पूरी कर जीता मैराथन, मिला 1 लाख का इनाम

**केटी न्यूज/बलिया**

पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की स्मृति में बुधवार को आयोजित पांचवें हाफ मैराथन में सहारनपुर के प्रिंस कुमार अव्वल रहे। उन्होंने अपनी दौड़ 59 मिनट 14.53 सेकेंड में पूरी की। वाराणसी के चंदन राजभर ने द्वितीय और वाराणसी के ही रंजीत पटेल ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रथम विजेता प्रिंस कुमार को एक लाख, द्वितीय विजेता चंदन राजभर को 51 हजार, तृतीय विजेता रंजीत पटेल को 25 हजार, चतुर्थ विजेता अंकित कुमार को 15 हजार, पंचम स्थान हासिल करने वाले अनुपम मेहता को आठ हजार रुपये व छठे स्थान पर अनिल यादव को चार हजार रुपये इनाम देकर पुरस्कृत किया।

इसके पूर्व पचखोरा से वीर लोरिक स्टेडियम तक 21 किलोमीटर के पांचवें चन्द्रशेखर हाफ मैराथन में इस बार 728 धावकों ने पंजीकरण कराया था। देश के अलग-अलग राज्यों के अलावा केन्या, इथियोपिया और इस्ताम्बुल से भी धावकों ने भाग लिया। हाफ मैराथन के प्रारंभ स्थल पर सुबह करीब साढ़े छह बजे मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर के साथ हरी झंडी दिखाकर हाफ मैराथन को प्रारंभ कराया। राष्ट्र नायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन प्रदीप यादव ने किया।




**सरकारी होगा अगला चन्द्रशेखर हाफ मैराथनः दयाशंकरः** पांचवें चन्द्रशेखर हाफ मैराथन के विजेताओं के लिए बुधवार को गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के विशाल व्यक्तित्व को देखते हुए यह हाफ मैराथन प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चन्द्रशेखर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रिश्ते निभाने वाले राजनेता रहे हैं। राजनीति में मित्रता के लिए जाने जाते थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भी उनके संबंध अच्छे थे। कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। यही वजह है कि पूर स्थित स्पोर्ट्स कालेज के लिए मुख्यमंत्री योगी ने 20 करोड़ रुपये दिए हैं। चन्द्रशेखर जी के नाम पर पूर में स्पोर्ट्स कालेज बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने चन्द्रशेखर मैराथन समिति के आयोजकों का आभार जताते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अरुण सिंह बंटू, नकुल चौबे, गुड्डू राय, मिठाई लाल गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, प्रेमप्रकाश सिंह, शिवजी राय चंदेल आदि मौजूद रहे।

### वृद्ध चंद्रभान ने भी लगाई दौड़

हाफ मैराथन में कथरिया निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग धावक चंद्रभान सिंह के जज्बे को देख लोगों ने जमकर तालियां बजाई। चंद्रभान सिंह ने फिनिश लाइन को छुआ तो पूरा स्टेडियम जोश से भर गया। इन्हें भी सबसे बुजुर्ग प्रतिभागी होने के नाते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सम्मानित किया।

### बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

हाफ मैराथन के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के लिए गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबाजार के बच्चों ने सरस्वती गीत और स्वागत गीत गाए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी धावकों और हाल में उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**आयोजन में इनकी भूमिका रही अहमः** पंचम चन्द्रशेखर हाफ मैराथन के आयोजन को सफल बनाने में रुस्तम अली, दिनेश जायसवाल, सत्येन्द्र कुमार, डॉ. मंजूर, धीरेंद्र पुरुषोत्तम, मिथिलेश श्रीवास्तव, अरुण सिंह, पंकज सिंह, रोहित भारद्वाज, सच्चिदानंद राय, अजयराज सिंह, मारुतिनंदन राय, सोनिया कुमारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## एक नजर

### बलिया के जिलाधिकारी ने ईद को लेकर की जिला शांति समति की बैठक

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। बैठक का उद्देश्य जिला प्रशासन के सहयोग से ईद के त्योहार को भाई चारे के साथ मनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बलिया में बिश्नीपुर मस्जिद में व्यवस्था अभी से कर ली जाए। सभी ईओ साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखे। किसी प्रकार की गंदगी न देखने को मिले। खासतौर पर मस्जिदों के आस पास साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाए। क्योंकि गर्मी का मौसम है इसलिए साथ मे पानी की भी व्यवस्था रहे। डीपीआरओ को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ईद के दिन पूरी व्यवस्था रखे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन का निर्देश है कि सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए। आप लोगो को जिस भी चीज की आवश्यकता है तो प्रशासन को अवगत कराएं। अफवाहों से बचे। यदि कोई परेशानी आती है तो पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। आप लोगो से अपील है कि त्योहार को भाई चारे से मनाए।



### नामांकन के तीसरे दिन अध्यक्ष पद के 36 एवं सभासद पद के 249 नामांकन पत्रों की बिक्री

**मऊ।** नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के तीसरे दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 36 एवं सदस्य पद हेतु 249 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 62 नामांकन पत्र दाखिल हुए। नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 1एवं सदस्य पद हेतु 60, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 4 एवम् सदस्य पद हेतु 23,नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 17 नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य पद हेतु 13, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 20, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 12 नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य पद हेतु 10 नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवम् सदस्य पद हेतु 18,नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु 6 एवं सदस्य पद हेतु 11, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवम् सदस्य पद हेतु 55, नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु 6 एवं सदस्य पद हेतु 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 36 एवं सदस्य पद हेतु 249 नामांकन पत्रों की तीसरे दिन बिक्री हुई। नामांकन के तीसरे दिन अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 62 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 23 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 39 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए घर-घर जाकर जागरूक कर रहीं आशा स्वास्थ्यकर्मी

**मऊ।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के क्रम में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत संचारी रोग की रोकथाम हेतु 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर आशा स्वास्थ्य कर्मी घर-घर भ्रमण कर संचारी रोगों से बचाव तथा इसके लक्षणों एवं उपचार सुविधाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं साथ ही डेंगू फाइलेरिया मलेरिया दिमागी बुखार क्षय रोग के लक्षण युक्त रोगियों की खोज कर जांच एवं उपचार सूची बनाकर स्वास्थ कर्मियों को दिया जा रहा है जिससे प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहें इस अभियान के क्रम में बुधवार को मोहम्मदाबाद गोहना अस्पताल के बीपीएम सर्वेश सिंह एवं आशा तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न गांव में जाकर दीवारों पर स्टिकर लगाकर लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं जांच उपरांत उनका नियमानुसार इलाज कराएं मच्छरों से बचने के लिए पूरी बांह वाली शर्ट पहने अगर घर के आसपास गड्ढे में पानी एकत्र हो तो उस गड्ढे को साफ रखें स्वच्छ पेयजल पिए बासी भोजन कदापि ना करें कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान दें दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें इस मौके पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार चंद्रा डॉ आनंद कुमार डॉक्टर संतोष यादव अविनाश सिंह प्रिय बुध रंजू मौर्य राजेंद्र कुमार कपिल देव सरोज यादव का विशेष योगदान रहा

### लिवर की रक्षा से है जीवन सुरक्षा: डॉ संजय सिंह

**मऊ।** स्वस्थ जीवन के लिए लिवर की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। खाना पान में अनियमितता, मदिरापान, मसालेदार खाद्य पदार्थ का सेवन आदि से इसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। लिवर का बढ़ना खतरनाक होता है। इससे कैंसर भी हो सकता है। यह उदगार डा संजय सिंह के हैं। विश्व लिवर दिवस के अवसर पर वह शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित शिविर में वह बोल रहे थे। डा सिंह ने बताया कि आज के समय निरंतर भागदौड़ के बीच अनियोजित खानपान आम हो गया है। लिवर के लिए यह खतरनाक है। फास्टफूड, जंकफूड और मसालेदार सब्जियों के सेवन से बचना होगा। शिविर में आक्समिक चिकित्सा विशेषज्ञ डा सुजीत सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा राहुल कुमार, न्यूरोलाजिस्ट डा रुपेश सिंह ने आवश्यक सुझाव व परामर्श दिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को मदिरापान एवं नशा न करने की शपथ दिलाई गई।



## खुलासाः अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद बच्चे की गला दबा की गई थी हत्या

**बलिया।** सुखपुरा थाना पुलिस ने बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने क मामले में आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार विगत 10 अप्रैल को थाना सुखपुरा अन्तर्गत वादी द्वारा अपने पुत्र पवन गोड़ के गुमशुदा होने की लिखित सूचना दी गयी थी। इसी बीच 12 अप्रैल को गांव के एक पोखरे में पवन गोड़ के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

सुखपुरा पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिये जिला अस्पताल भेजवा दिया गया। पीएम रिपोर्ट में गला घोट कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन में जुट गयी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में टीमों का गठन कर जांच पड़ताल में जुट गयी। वहीं बुधवार को सुखपुरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त संजीव कुमार पासवान उर्फ बुआ स्व. परशुराम पासवान निवासी हनुमानगंज थाना सुखपुरा को बसन्तपुर कूड़ा फैक्ट्री तिराहा के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। वहीं पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि घटना के दिन 10 अप्रैल को मेरे द्वारा पवन गोड़ के साथ गलत काम किया गया था और यह बात किसी से न बताए जिस लिए मैने गला दबाकर हत्या कर दी थी।

## माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा समेत 12 घोषित अपराधियों की सूची जारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने यूपी के माफियाओं की सूची में पहले स्थान पर रहने वाले मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी सहित 12 घोषित अपराधियों की सूची जारी की है। जिसमे मुख्य रूप से सोनू मुसहर पुत्र मुखराम निवासी ग्राम मनिया थाना गहमर पर इनाम 25,000 रखा गया है। 2. सद्दाम हुसैन पुत्र हबीरउल्लाह निवासी चकफरीद थाना बहरियाबाद पर इनाम 25 हजार, 3.वीरेंद्र दुबे उर्फ भुट्टन पुत्र स्व. शिवप्रसाद दुबे निवासी अलीपुर बनगावा थाना नंदगंज पर इनाम 25 हजार, 4. अंकित राय उर्फ प्रदीप पुत्र किशुनदेव राय निवासी इमिलिया थाना नंदगंज पर इनाम 25 हजार, 5. अंकुर यादव पुत्र उमाशंकर यादव निवासी नसरतपुर थाना बिरनो पर इनाम 25 हजार, 6. अशोक यादव पुत्र लालधर यादव निवासी त्योखर थाना सिधारी आजमगढ़ पर इनाम 25 हजार, 7. अमित राय पुत्र रामप्रवेश राय निवासी जोगा मुसाहिब थाना करीमुद्दीनपुर पर इनाम 25 हजार, 8. अंगद राय उर्फ लल्लन राय पुत्र स्व. सर्वदेव राय निवासी शेरपुर खुर्द थाना भांवरकोल पर इनाम 25 हजार, 9. जाकिर हुसैन पुत्र स्व. सफाहत खां निवासी सैय्यदबाड़ा थाना कोतवाली पर इनाम 50 हजार, 10. आफ्शा अंसारी पत्नी मुख्तार अंसारी निवासी युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद पर इनाम 50 हजार, 11. रवि बिंद पुत्र सिंहासन बिंद निवासी चकिया थाना सुहवल पर इनाम 25 हजार, 12. सोनू बिंद पुत्र नंदू बिंद निवासी सकरा थाना कोतवाली पर इनाम 25 हजार घोषित किया गया है।



### प्रतिभावान छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**गाजीपुर।** प्रतिभा खोज एसोसिएशन कलौरा के तत्वावधान में प्रतियोगिता में सफल छात्रों को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कृत किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से 12 तक के छात्र -छात्राओं को चार हिस्सों में बांटकर दो अप्रैल को परीक्षा का आयोजन किया गया था। चारो वर्गो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संकल्प परासर, अदिति यादव, कृष्णा राजभर, सतीश यादव, प्रियांशु प्रजापति, अमीषा यादव सहित लगभग 100 छात्र -छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया। प्रथम पुरस्कार रेंजर साइकिल, द्वितीय पुरस्कार पंखा, तृतीय पुरस्कार स्टडी लैम्प ,चतुर्थ पुरस्कार स्कूल बैग ,पंचम पुरस्कार दीवाल घड़ी दी गई।पुरस्कार वितरण जितेंद्र धनराज, संतोष पटेल, शेलेन्द्र कुमार, रामायण यादव, पेशकार भारती, रमापति राम आदि ने किया।

## नगर निकाय चुनावः निर्वाचन आयोग ने निर्धारित की वाहनों की अनुमन्यता

# मतदान दिवसों पर प्रचार वाहनों का उपयोग प्रशासन की अनुमति से होगा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 के अंतर्गत प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार एवं मतदान दिवसों तथा मतगणना के दिवसों में वाहनों का उपयोग जिला प्रशासन की अनुमति से किया जाना है। इसी क्रम में समस्त उप जिलाधिकारी को अपने- अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले नगर निकायों के अन्तर्गत चुनाव प्रचार-प्रसार, मतदान एवं मतगणना दिवसों में वाहन-पास निर्गत किए जाने के लिए नामित किया गया है। आयोग द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार, मतदान एवं मतगणना दिवसों के लिए



वाहनों की अनुमन्यता निर्धारित की गई है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रचार-प्रसार के लिए निर्धारित वाहन की संख्या तीन, मतदान दिवस पर वाहनों की सं0 एक, मतगणना दिवस पर वाहन की सं0 एक, अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए प्रचार-प्रसार के लिए निर्धारित वाहन की संख्या दो, मतदान दिवस पर वाहनों की सं0 एक, मतगणना दिवस पर वाहन की सं0 एक, सदस्य, नगर पालिका परिषद के लिए प्रचार-प्रसार के लिए निर्धारित वाहन की संख्या एक, सदस्य नगर पंचायत हेतु प्रचार -प्रसार हेतु निर्धारित वाहन की संख्या एक (दो पहिया वाहन सहित समस्त मैकनाइज्ड/मोटोराइज्ड वाहन) प्रयोग होंगे। प्रत्याशी द्वारा वाहन की अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र के साथ वाहन का प्रकार, रजिस्ट्रेशन के कागजात, चालक का नाम एवं नगरीय निकाय का नाम देना होगा। साथ ही जारी किए गए वाहन-पास में नगरीय निकाय का नाम, प्रत्याशी का नाम, गाड़ी संख्या तथा प्रत्याशियों से राजनैतिक दल से संबद्धता का विवरण भी अंकित किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए रिटर्निंग आफिसर से प्रार्थना पत्र आग्रसारित कराकर प्रास्तुत करना होगा। अग्रसारित प्रार्थना पत्र के आधार पर ही प्रत्याशियों को वाहन पास जारी किए जाएंगे। प्रत्याशियों द्वारा वाहन -पास मूलरूप से वाहन के आगे शीशे पर चिपकाया जाएगा। वाहन-पास जारी करने वाले अधिकारी द्वारा प्रतिदिन जारी किए गए वाहन-पास की एक छाया प्रति (सूची सहित) पुलिस अधीक्षक के यहां भेजी जाएगी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा संबन्धित नगर निकाय के थाने में वाहन-पास की सूचना भेजी जाएगी। यदि बिना वाहन-पास के प्रत्याशियों द्वारा वाहन का उपयोग किया जाता है, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अनुमति प्राप्त वाहनों के संबंध में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्वाचन में प्रत्याशियों या उनके समर्थकों द्वारा मोटरयान अधिनियम (एमबी एक्ट) का उल्लंघन न हो।

### सफेद व ग्रे रंग के कपड़े या कार्डबोर्ड का घेरा बनाएं

**गाजीपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में मतपेटी के लिए बनाए जाने वाले मतदान प्रकोष्ठ (पोलिंग कम्पार्टमेन्ट) के लिए मतपेटी को अविवादित रंग जैसे सफेद अथवा ग्रे रंग के कपडे. अथवा कार्डबोर्ड का घेरा बनाए जाने का निर्देश दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 में प्रत्येक निकाय में एक पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित पिंक मतेदय स्थल बनाया जाएगा।